>

Title: Reported agitation at Jantar Mantar by West Pakistani Refugees.

श्री संतोष गंगवार (बरेली): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं, जब इस समय लोक सभा अंतिम दौर में है। यह सरकार आम आदमी की समस्या, देश के अंदर एलपीजी के वितरण पर भी कोई व्यवस्था नहीं कर पाई है।

अध्यक्ष महोदय, एलपीजी की इतनी समस्या है, एक तो सप्लाई शोर्ट कर दी है कि हर डीलर को 60 परसैंट सप्लाई कर रहे हैं। उसके बाद भी 25 दिन के बाद गैस मिल रही है, इस कारण घरों में बहुत संकट है। मैं यहां बताना चाहूंगा कि स्टैंडिंग कमेटी ने एक रिपोर्ट दी है कि एक परिवार में एक गैस कनेक्शन दिया जाए। अब परिवार की परिभाषा में कितने लोग आते हैं, किसी परिवार में चार सदस्य हैं और किसी परिवार में 15 सदस्य हैं। मेरा सुझाव है कि हर बालिग सदस्य के पास नया कनेक्शन होना चाहिए। यह बात सरकार की समझ में आनी चाहिए और सरकार को उसके हिसाब से फैसला करना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, मेरा आग्रह है कि सरकार इस तरफ ध्यान दे और शहरी क्षेत्रों में, पिछली एनडीए की सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैस कनेक्शन दिए थे और बहुत बड़ी तादाद में गांवों के लोग लकड़ी की कटान को रोकने के लिए एलपीजी का इस्तेमाल कर रहे थे। दुर्भाग्य यह है कि सरकार इस महत्वपूर्ण समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है, इसे पूरा करने में बिलकुल असमर्थ साबित हुई है। मैं चाहूंगा कि इस तरफ ध्यान दिया जाए और तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जाए।